कार्यालय जनपद न्यायाधीश, गोण्डा।

आदेश

माननीय उच्च न्यायालय के पत्रांक- 1822/2026/SJM/Admin 'G-I'/ Allahabad, Dated: 09.02.2026 के परिप्रेक्ष्य में जनपद न्यायालय, गोण्डा में विशेष न्यायिक मजिस्ट्रेट के 01 पद हेतु उन इच्छुक व्यक्तियों से आवेदन पत्र निम्न शर्तों के अधीन आहूत किये जाते हैं जो बी.एन.एस.एस. की धारा- 11 में परिभाषित योग्यता रखते हों।

(1) जो शासन के अधीनस्थ कोई पदधारण करते हैं अथवा धारण करते थे एवं

(2) जो विधि स्नातक हों अथवा माननीय उच्च न्यायालय की संतुष्टि के अनुसार विधिक मामलों के अनुभवी व्यक्ति हों।

आवेदक, आवेदन पत्र के साथ अपनी शैक्षिक योग्यता सम्बन्धी प्रपत्रों की स्वप्रमाणित छायाप्रतियों के अतिरिक्त पिछले पांच वर्ष की चारित्रिक प्रविष्टियां भी संलग्न करें। अन्य जानकारी व निर्धारित आवेदन पत्र किसी भी कार्यदिवस में प्रशासनिक कार्यालय से प्राप्त किये जा सकते हैं। विस्तृत विवरण माननीय उच्च न्यायालय की आधिकारिक वेबसाइट www. allahabadhighcourt.in पर उपलब्ध है।

आवेदन पत्र निर्धारित प्रारूप पर मय संलग्नकों सहित जनपद न्यायालय, गोण्डा के प्रशासनिक कार्यालय में दिनांक 13.04.2026 तक प्रेषित करना सुनिश्चत करें। इसके पश्चात प्राप्त होने वाले आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जायेगा।

इस आदेश की एक प्रति उपरिवर्णित पत्र दिनांकित 09.02.2026 एवं तत्संलग्नक प्रारूप की छायाप्रति संलग्न करते हुए जिला सूचना अधिकारी, गोण्डा को इस अनुरोध के साथ प्रेषित की जाये कि उक्त यथापेक्षित सूचना (विज्ञप्ति) राष्ट्रीय एवं क्षेत्रीय समाचार पत्रों में निःशुल्क शीघ्र प्रकाशित कराया जाना तथा प्रकाशनोपरान्त तत्सम्बन्धी समाचार पत्र की प्रति अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय को भी उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित करें।

इस आदेश की प्रति जनपद न्यायालय गोण्डा के वेबसाइट पर अपलोड किये जाने हेतु नोडल ऑफिसर (कम्प्यूटर) को प्रेषित की जावे व एक प्रति जनपद न्यायालय, गोण्डा के सूचनापट पर चस्पा की जाये। उक्त आदेश की प्रति सम्बन्धित बार एसोसिएशन, गोण्डा को भी सूचनार्थ प्रेषित की जावे।

समस्त सम्बन्धित सूचित हों।

दिनांक- 10.02.2026

10.02.2026
जनपद न्यायाधीश
गोण्डा।

Office Of The District Judge Gonda
No. 562 Date 11.02.2026
Copy नोडल आफिसर कम्प्यूटर
10/2/26
C.A.O./Sadar Munsarim